## सूचना संख्या- 188
## केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
## एकलव्य परिसर, अगरतला, त्रिपुरा

दिनांक- 24-09-2026

**-:सूचना:-**

परिसर के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि परिसर में अनुशासन, मर्यादा एवं स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण बनाए रखना प्रत्येक विद्यार्थी का दायित्व है। अतः सभी विद्यार्थी निम्नलिखित निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें-

1. **मंदिर एवं प्रवेशद्वार के सामने बैठकर समय व्यतीत न करें तथा मोबाईल फोन ना देखें। यदि किसी विद्यार्थी की कक्षा नहीं है, तो वह अपने खाली समय में पुस्तकालय अथवा कॉमन रूम में बैठकर स्वाध्याय करें। परिसर में व्यर्थ इधर-उधर न घूमें।**
2. **सीढ़ियों पर बैठकर मोबाइल फोन का प्रयोग न करें तथा वहाँ अनावश्यक रूप से समय व्यतीत न करें।**
3. **सभी विद्यार्थी नियमित रूप से अपनी कक्षाओं में समय पर उपस्थित रहें तथा कक्षा के दौरान शैक्षणिक गतिविधियों में पूर्ण मनोयोग से सहभागिता करें।**
4. **सभी विद्यार्थी विभागीय अध्यापकों तथा विभागेतर अन्य अध्यापकों एवं कर्मचारियों के प्रति समान रूप से सम्मान एवं शिष्टाचार का व्यवहार करें। किसी भी अध्यापक अथवा कर्मचारी के प्रति असम्मानजनक व्यवहार न किया जाए।**
5. **बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, गुटखा आदि किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों का सेवन परिसर एवं छात्रावास में न करें।**
6. **विद्यार्थियों द्वारा लिफ्ट का अनावश्यक उपयोग न किया जाए। अत्यावश्यक परिस्थिति को छोड़कर सीढ़ियों का ही प्रयोग करें।**
7. **परिसर में अध्ययन के लिए उचित, शांत एवं अनुशासित वातावरण बनाए रखना सभी विद्यार्थियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार का शोर-शराबा, अनुचित व्यवहार अथवा ऐसी गतिविधि न करें जिससे शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हो।**
8. **विद्यार्थी परिसर की गरिमा, मर्यादा एवं अनुशासन का सदैव ध्यान रखें तथा किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता से पूर्णतः बचें।**
9. **परिसर की संपत्ति एवं उपलब्ध सुविधाओं का सावधानीपूर्वक एवं जिम्मेदारी के साथ उपयोग करें।**

उपर्युक्त निर्देशों का पालन करना प्रत्येक विद्यार्थी के लिए अनिवार्य है। यदि कोई विद्यार्थी इन निर्देशों की अवहेलना करता हुआ पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध परिसर के नियमानुसार आवश्यक **अनुशासनात्मक कार्रवाई** की जाएगी।

अतः सभी विद्यार्थी इन निर्देशों को गंभीरता से लेते हुए परिसर में अनुशासन, शिष्टाचार एवं अध्ययन का सकारात्मक वातावरण बनाए रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।

24/9/26

**प्रो. सुशान्त कुमार राज**
**सह-निदेशक/निदेशक (प्र.)**

निदेशक / Director
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय / Central Sanskrit University
एकलव्य परिसर, अगरतला / Ekalavya Campus, Agartala

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित:

1. सह निदेशक, के, सं. वि., एकलव्य परिसर, अगरतला।
2. आई. क्यू.ए.सी. समन्वयक, के. सं. वि., एकलव्य परिसर, अगरतला।
3. PRO एवं APRO, के. सं. वि., एकलव्य परिसर, अगरतला।
4. वार्डन एवं उप-वार्डन, बालक एवं बालिका छात्रावास, के. सं. वि., एकलव्य परिसर, अगरतला।
5. परिसरीय समस्त छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को सूचनार्थ।
6. तकनीकी सहायक, के. सं. वि., एकलव्य परिसर, अगरतला छात्र-छात्राओं को सूचनार्थ।
7. अनुभाग अधिकारी (लेखा/प्रशासन), के, सं. वि., एकलव्य परिसर, अगरतला।
8. संबंधित पत्रावली, के. सं. वि., एकलव्य परिसर, अगरतला।
9. परिसर निदेशक प्रति श्री बापी सरकार, गार्ड (आउटसोर्स)।
10. नोटिस पत्रावली, के. सं. वि., एकलव्य परिसर, अगरतला।
11. बालक एवं बालिका छात्रावास सूचना-पट्ट, के. सं. वि., एकलव्य परिसर, अगरतला।
12. गार्ड फाइल।